संसद सदस्यों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 6 जुलाई, 2019 : लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह; केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ.हर्षवर्धन; केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री तथा नागरिक विमानन मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की जयंती के अवसर पर आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अनेक संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों और राज्य सभा के महासचिव श्री देश दीपक वर्मा ने भी डॉ मुख़र्जी को श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, श्री आर. वेंकटरमन ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मानस्वरूप संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 31 मई, 1991 को उनके चित्र का अनावरण किया था।